>

Title: Need to grant heritage status to British era Central Railway Institute building in Lonavala in Maval Parliamentary Constituency, Maharashtra-Laid.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): मेरे संसदीय क्षेत्र मावल (महाराष्ट्र) के अंतर्गत लोनावला हिल स्टेशन आता है। इस हिल स्टेशन का काफी पुराना इतिहास है। लोनावला परिसर यादव साम्राज्य का एक भाग था, उसके बाद मुगलो ने इस परिसर का महत्व जानकर इसे दीर्घकाल तक संरक्षित रखा। मराठा साम्राज्य में भी लोनावलाएवं मावल का एक महत्वपूर्ण परिसर था। लोनावाला के नजदीक कार्ला और भाजा कलात्मक आविष्कार का एक उच्च्तम उदाहरण, पहली और पाँचवी शताब्दी के बीच बनाई गई गुफाए आज भी मौजूद है। अंग्रेज़ शासन में लोनावला को हिल स्टेशन का दर्जा मिला था। लोनावला में लगभग 135 साल पहले अंग्रेज़ो ने सेंट्रल रेलवे इंस्टीट्यूट कि एक नायाब इमारत बनवाई थी। यह इमारत आज भी मौजूद है। इस इमारत के इलाके में काफी सारी ज़मीन खाली पड़ी है। लोनावला शहर में रेलवे का इंटरनेशनल म्यूजियम बननेवाला था। इस विषय अनुरूप एक प्रदर्शनी भी लगवाई गई थी। इस म्यूजियम की वजह से बाधित होने वाले रेल कर्मचारियों के लिए अलग जगह पर पाँच इमारतें भी बनाई गई है। मै इस क्षेत्र का सांसद होने के नाते माननीय रेलवे मंत्री जी से यह मांग करता हूँ कि सेंट्रल रेलवे इंस्टीट्यूट की 135 साल पुरानी इमारत को भारतीय पुरातत्व विभाग से हेरिटेज बिल्डिंग का दर्जा मिलने के लिए उचित कार्रवाई करे और लोनावला शहर में पर्यटन को बढ़ावा मिलने हेतु इस हेरिटज बिल्डिंग के साथ ही उसके परिसर में रेलवे का अंतराष्ट्रीय स्तर का म्यूजियम बनाए जिसमें भारतीय रेलवे का भूत, वर्तमान और भविष्य की प्रगति के साथ साथ यादव साम्राज्य से आज तक लोनावला शहर और परिसर के विकास की सारी बातें मौजूद हो। आज लोनावला में भारतीय पर्यटक तो आते ही है इस म्यूजियम के बनने के बाद विदेशी पर्यटको को आकर्षित करने के लिए भी बढ़ावा मिलेगा।